## खबर संक्षेप

### वर्णपुरी सोनगढ़ जायेंगे 108 जिनशासन सेवक

**छिंदवाड़ा।** अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल में कलिकाल सर्वज्ञ 108 आचार्य कुंदकुंददेव द्वारा रचित ग्रंथाधिराज श्रीसमयासारजी का स्वाध्याय कर सम्पूर्ण विश्व को ज्ञायक भगवान आत्मा की महिमा बताकर मैं ज्ञायक हूं ऐसा निर्णय कराने वाले स्वर्णपुरी सोनगढ़ के संत आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्व प्रभावना योग में स्वर्णपुरी सोनगढ़ सौराष्ट्र में आगामी 19 जनवरी से 1008 श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का अंतर्राष्ट्रीय आयोजन किया गया है।जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया की मंगल महोत्सव की जोरदार तैयारी प्रारंभ है, जिसमे धर्म नगरी छिंदवाड़ा के जिनवाणी तत्व दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के 108 श्रावक - श्राविकाएं सम्मिलित होकर धर्म लाभ तो लेंगे ही साथ में मंगल महोत्सव में सहयोगी बन जिनशासन की मंगल प्रभावना करेंगें। आठ दिवसीय मंगल महोत्सव में पूरे विश्व से हजारों की संख्या में आत्मार्थी भाई बहन सोनगढ़ पहुंच रहें हैं, जिनका आयोजन समिति द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया जावेगा।

### संगीतमय सुन्दरकाण्ड का किया महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है और ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा राजेंद्र चौरसिया, सुपुत्र अनुज चौरसिया जी के निजनिवास में नई आवादी, गांधी गंज, छिंदवाड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,प्रदीप भारती,अंश पटेल,कैलाश उइके,अनय कसार,रमन पटेल,रिंकू ढोलक मास्टर,उमेश वंशकार मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने सूखाभांड हारमउ में संपन्न चौपाल में लिये गये विभिन्न निर्णय, भारिया जनजाति समुदाय के लोगों को बांटे कंबल, स्वेटर

# गैलडुब्बा मुख्य मार्ग से सूखाभांड हारमउ तक बनेगी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



जिले के आदिवासी विकासखंड तामिया के पातालकोट क्षेत्र के सुदूर पहाड़ी ग्राम सूखाभांड हारमउ में रहने वाले भारिया आदिवासी समुदाय के साथ ही अन्य ग्रामीणों को पगडंडी, और ऊबड़-खाबड़ रास्ते से मुक्ति मिलेगी तथा वे बेहतर सड़क मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। इस संबंध में कलेक्टर मनोज पुष्प द्वारा आज जिला मुख्यालय से लगभग 80 कि.मी.दूर पातालकोट क्षेत्र के ग्राम सूखाभांड हारमउ में पीएम जनमन मिशन (पी.वी.टी.जी.) योजना के अंतर्गत आयोजित चौपाल में ग्रामवासियों से चर्चा की गई। उन्होंने ग्रामीणों से उनके ग्राम की विभिन्न आवश्यकताओं को सभी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिये कहा जिस पर भारिया समुदाय के साथ ही अन्य ग्रामीणों ने चर्चा के बाद ग्राम में गैलडुब्बा मुख्य मार्ग से ग्राम सूखाभांड हारमउ तक लगभग 2 कि.मी. पक्की सड़क, ग्राम कोल्हूखेड़ा से घानाकौडिया तक लगभग 3 कि.मी. पक्की सड़क, ग्राम डोलनी से मालनी तक और मेन रोड गैलडुब्बा से ग्राम डोलनी तक पक्की सड़क निर्माण, ग्राम सूखाभांड हारमउ से धुरनी तक पक्की सड़क, माताजी का चबूतरा, ग्राम सूखाभांड हारमउ, गैलडुब्बा, घानाकोडिया, बझलाआम, धुरनी, मालनी व डोमनी में निर्मल नीर योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के कुंओं का निर्माण, ग्राम सूखाभांड हारमउ के 21 परिवारों का प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण, ग्राम सहरा पचगोल में बांध का गहरीकरण, ग्राम सूखाभांड हारमउ में एक स्टाप डैम का निर्माण व आंगनवाडी केन्द्र खोलना, ग्राम सूखाभांड हारमउ, मालनी, धुरनी व डोमनी में विद्युत कनेक्शन आदि के प्रस्ताव रखे तथा इस संबंध में निर्णय लिया जाकर इन प्रस्तावों को कार्य योजना में शामिल कराया गया।

इसके साथ ही ग्राम में पेयजल व बिजली की आपूर्ति के प्रस्ताव भी कार्य योजना में शामिल कराये गये। चौपाल में लिये गये इन निर्णयों से भारिया जनजाति समुदाय के लोगों में अत्यंत प्रसन्नता और उत्साह देखा गया। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को पीएम जनमन मिशन (पी.वी.टी.जी.) योजना के कार्ड वितरित करने के साथ ही ग्राम के भारिया समुदाय के लगभग 200 परिवारों को निःशुल्क कंबल, स्वेटर, फल, बिस्किट, खिलौने आदि वितरित किये गये तथा कलेक्टर श्री पुष्प के माध्यम से नव वर्ष का उपहार पाकर सभी भारिया समुदाय के लोग प्रसन्न हुये।

इस अवसर पर पूर्व वनमंडल के वनमण्डलाधिकारी राजीव श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री तनुश्री मीणा, एसडीएम सुश्री नेहा सोनी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सत्येन्द्र सिंह मरकाम, तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तामिया संतोष मांडलिक, पटवारी, अन्य खंड स्तरीय अधिकारी, सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

### पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

कलेक्टर श्री पुष्प ने इस अवसर पर बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पीएम जनमन मिशन (पी.वी.टी.जी.) योजना के क्रियान्वयन के लिये आगामी 15 जनवरी 2024 को प्रदेश के शहडोल जिले में मेगा ईवेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया है । ग्राम में कलेक्टर श्री पुष्प के पहली बार पहुंचने पर ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बाजे-गाजे व रमढोल बजाकर उनका आत्मीय स्वागत किया और तिलक लगाकर व उन पर पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया ।

### उबड़खाबड़ रास्ते से पहुंचे कलेक्टर

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पुष्प अन्य अधिकारियों के साथ मेन रोड गैलडुब्बा से ग्राम सूखाभांड हारमउ तक लगभग 2 कि.मी. पगडंडी व ऊबड़-खाबड़ रास्ते से पैदल चलते हुये इस ग्राम में पहुंचे । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि ग्रामवासियों द्वारा चौपाल में रखे गये प्रस्तावों को कार्य योजना में शामिल करायें ।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

चौपाल के दौरान ग्रामवासियों को क्षेत्रीय भाषा में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत भारिया आदिवासी समुदाय के लोगों के लिये 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केन्द्रित भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई जिसमें सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गांव-गांव तक सड़क, घर तक बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज गांव तक मोबाईल मेडिकल यूनिट व नेटवर्क, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, मुफ्त राशन व एलपीजी कनेक्शन, आयुष्मान भारत, गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता व पोषण आहार, संस्थागत प्रसव जानकारी दी गई।

## चुनाव जीतने के बाद लगातार जनता से रूबरू हो रहे विधायक उईके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जुन्नारदेव विधायक विधानसभा चुनाव जीतने के बाद विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं के बीच पर्यवेक्षक जमील खान ब्लाक अध्यक्ष मनमोहन साहू पहुंचकर आभार जता रहे हैं इसी कड़ी में रविवार को विधायक ने ब्लॉक तामिया क्षेत्र ग्राम , दौरियाखेड़ा मरकाढाना हर्षदीवारी निशान जामुनढोगा देलाखारी सेहराढाना पिपरदार सहित रविवार को वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण इलाकों में पहुँचे। नवनिर्वाचित विधायक ने पार्टी के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ पहुँचकर बैठक कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा एवं अपने क्षेत्र के मतदाताओं के बीच आभार व्यक्त कर ग्रामीण बसाहट में ग्रामीणों से मेल मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाऐं दी । वे ग्रामवासियों का आभार जताने के लिए के हर गांव के मजरे टोलो तक पहुँचे ।उन्होंने क्षेत्र की ग्रामीण जनता ने उन पर भरोसा जताया है इसके लिए वे सदा जनता के आभारी रहेंगे । उन्होंने कहा आप लोगो ने मुझे अपने प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश सरकार में भेजा है। आपके प्यार स्नेह और आत्मीयता से पूरा क्षेत्र मेरा परिवार बन गया है। अब आपका सुख मेरा सुख और आपका दुःख मेरा दुःख है।

## इंगोले बने परिवहन चालक परिचालक संघ अध्यक्ष

**पांढुर्ना ।** आज नगरपालिका के इंदिरा स्मृति भवन में चालक एवं परिचालकों की बैठक संपन्न हुई जिसमें संजय इंगोले को आम सहमति से पांढुर्ना जिला पहरवहन प्रकोष्ठ चालक एवं परिचालक संघ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उल्लेखनीय है कि संजय इंगोले शिवसेना के जिला छिंदवाडा के वर्तमान अध्यक्ष है। परिवहन प्रकोष्ठ चालक संघ पर मनोनयन को लेकर संजय इंगोले को राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पटेल



तथा प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव धुर्वे ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। आज की बैठक में विशेष रूप से संघ के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव धुर्वे एवं अन्य चालक परिचालक मौजूद थे। इस मौके पर पांढुर्ना जिला अध्यक्ष संजय इंगोले ने कहा कि हाइवे पर रात्रि या दिन में सडक दुर्घटना में कोई मर जाता है और वहां पब्लिक नहीं होती है तो चालक एवं परिचालक ने घायल को अस्पताल पहुंचाना चाहिए। घनी आबादी या बस्ती में ऐसी स्थिति निर्मित होने पर भीड चालक एवं परिचालक के जान की दुष्मन बन जाती है। इन हालातों में चालक एवं परिचालक का वाहन लेकर मौके से भाग जाने को गलत नहीं कहा जा सकता।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले पूर्व विधायक पं रमेश दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



रविवार को भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर ने नागपुर पहुंचकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर छिंदवाड़ा जिले के विकासात्मक कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की साथ ही छिंदवाड़ा जिले की महत्त्वपूर्ण सड़को के प्रस्ताव सौपे ।पूर्व विधायक श्री दुबे ने चौरई विधानसभा क्षेत्र के पुनर्वास प्रभावित गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए सिंगोड़ी रामगढ़ सड़क का प्रस्ताव केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सौपा ।दरसल माचागौरा जलाशय निर्माण के बाद हिवरखेड़ी क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत के आम जनों को चौरई ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने में आवागमन व्यवधान हो रहा है जिसके निराकरण के लिए पूर्व विधायक श्री दुबे ने विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी से सड़क स्वीकृत किए जाने का आग्रह किया है जिस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी ने पूर्व विधायक श्री दुबे को आशस्वत किया है की शीघ्र ही सड़क की स्वीकृति मिलेगी ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गनिर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 8 जनवरी को जिले की 7 विधानसभा की 11 जनपद पंचायतों की 24 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है । नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल ने बताया कि आज विधानसभा छिंदवाड़ा की जनपद पंचायत छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत काराघाट और जमुनिया, विधानसभा चौरई की जनपद पंचायत चौरई की ग्राम पंचायत कपुरदा और समसवाड़ा एवं जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत धनेगांव और चंद्रीकापुर, विधानसभा अमरवाड़ा पहुंचेगी।

## समस्याओं को लेकर सीएम से मिले भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र



**चौरई।** ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी ने मुख्यमंत्री से उज्जैन में मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री से सभी समस्याओं का शीघ्रातिशीघ्र समाधान कराने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को बताया कि ग्राम साजपानी से चौरई मुख्यालय से को जाने वाले मार्ग पर नवीन पुल टूट चूका है, यहां कभी भी हादसा हो सकता है। इस पुल को होकर एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आवागमन होता है। इस पुल का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए। ताकि यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी नहीं हो। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि जनपद को बने सालो साल हो चुके हैं परन्तु जनपद की नवीन बिल्डिंग का निर्माण न हो सका जल्द से जल्द नवीन बिल्डिंग निर्माण कराया जाये, किसानो की बिजली समस्या चल रही जिससे किसानो को खेत मे सिचाई मे समस्या उत्पन हो रही है जिसका समाधान हो, अधूरी पढ़ी नहर को जल्द से जल्द पूरा कराया जाये ताकि किसान भाईयो को पर्याप्त पानी मिल सके, साथ साथ नवीन हॉस्पिटल के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं आये इसका आग्रह किया चौरई की जनता आपका आभार व्यक्त करेंगी।

## शंकर वन मेले ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा समेकित बाल संरक्षण के अंनर्तगत लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के तत्वाधान मे स्थानीय बिछुआ विकास खंड के ग्राम कुरई के शंकरवन मेले मे महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी भावना कुमरे के मार्ग दर्शन मे जनपद पंचायत बिछुआ के उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे .जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम की उपस्थिति मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मे अध्ययन रत बी एस डब्ल्यू .एम एस डब्ल्यू के छात्रो व मेले मे आये ग्रामीण जनो को जानकारी देते हुए मेंटर श्यामल राव ने कहा की हमारे देश के विभिन्न समुदायों मे सशक्त सामाजिक तथा सांस्कृतिक पूर्वाग्रह. पुत्र के प्रति वरीयता ओर बेटियों के प्रति भेदभाव इस समस्या की मूल जड़ हे।दहेज के सामाजिक मानक पितृसत्तात्मक सोच होना लिंग आधारित भेदभाव इस समस्या के मुख्य कारण हे।अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारण की सहज उपलब्धता ने इस समस्या को ओर भी बढाव्रा दिया है।

## राष्ट्रीय हिंदू सेना ने बढती ठंड में बांटे 150 कम्बल

**जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर की मदद, फुटपाथ पर जीवन बिताने वालों ने दिया आशीर्वाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय हिंदू सेना जिलाध्यक्ष यमन साहू* ने बताया है कि शहर में शीत लहर का कहर जारी है बढ़ती ठंड को देखते हुए राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निर्धनों गरीबों एवं फुटपाथ पर जीवन यापन करने वाले जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया जाता है। जिससे उन्हें इस कपकपा देने वाली ठंड से राहत मिल सके।

विगत 5 वर्षों से मेरे और राष्ट्रीय हिंदू सेना के सेवादारों द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण किया जाता है। वही राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा हमेशा से जरूरतमंदों की मदद की जाती है। सेवादारों द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को समय-समय पर एवं विशेष आयोजनों के उपलक्ष्य में फलों का वितरण एवं पौष्टिक आहार का वितरण किया जाता है।

वही वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों की भी सेवाएं राष्ट्रीय हिंदू सेना के सदस्यों द्वारा लगातार की जाती है। इसी क्रम में आज छिंदवाड़ा शहर में अचानक मौसम में तब्दीली आई बारिश के वजह से जिनका कोई सहारा नहीं होता वहां फुटपाथ पर अपना जीवन यापन करते हैं। ऐसे लोगों की मदद करते हुए और कपकपा देने वाली ठंड से बचने के लिए उन्हें राष्ट्रीय हिंदू सेना के सदस्यों द्वारा कंबलों का वितरण कर उनसे आशीर्वाद लिया गया सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्र जैसे अनगढ़ हनुमान मंदिर, मानसरोवर परिसर बस स्टैंड, प्राइवेट बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, शनिचरा बाजार, जिला अस्पताल, वृद्धा आश्रम, ऐसे विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंदों को लगभग 150 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया।

## बसपा का खैरीतायगांव हुआ में कार्यकर्ता सम्मेलन

**महापुरुषों की विचारधारा पहुंचने गांव-गांव होगी बसपा की बैठके**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

बहुजन समाज पार्टी के द्वारा संगठन मजबूती एवं युवाओं को पार्टी में अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के उद्देश्य को लेकर ग्राम खेरितायगाव के मंगल भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।बैठक में प्रमुखता से भोपाल जॉन प्रभारी ज्ञानेश्वर गजभिए, डॉ सी एम गेडाम, जिला प्रभारी ठाकुर विक्रम इरपाची, जिला अध्यक्ष बलदास डेहरिया,विधानसभा प्रभारी राजेश बागडे, कार्यकारिणी अध्यक्ष पंजाबराव सोमकुवर, उपाध्यक्ष पमिता मोटघरे, कोषाध्यक्ष सतीश परतेती,सौसर अध्यक्ष मयूर गजभिये संजय ढोके के अलावा बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधानसभा बसपा प्रभारी राजेश बागडे ने कहा बहुजन जहां समाज में जन्मे हुए महापुरुषों की विचारधारा के साथ ही मान्यवर काशीराम साहब के देखे हुए सपने को पूरा करने के लिए बहुजन समाज पार्टी को सौसर तहसील और छिंदवाड़ा जिले के हर गांव और घर-घर में पहुंचाना पड़ेगा।

## बोरी बंधान जल संरक्षण के बारे में दी जानकारी



**जुन्नारदेवः** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जिला समन्वय कुलदीप सिंह ठाकुर ब्लॉक समन्वय संजय बामणी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था ग्राम माली में पस्फूटन समिति की बैठक ली गई ।जिसमें दस्तावेजीकरण एक माह की कार्य योजना तैयार की गई। जिसमें बोरी बंधान जल संरक्षण के बारे में विशेष जानकारी रही ।एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया गया। जिसमें पस्फूटन समिति के सभी सदस्य अध्यक्ष सचिव एवं नवांकुर संस्था के अध्यक्ष अर्चना माहौरे सरजू विश्वकर्मा एवं ग्रामवासी महिला एवं पंचायत के सरपंच सचिव सभी उपस्थित थे।

### भाजपा विधानसभा चौरई की कोर ग्रुप बैठक सांसद एवं मध्य प्रदेश संगठन महामंत्री की अध्यक्षता में संपन्न

# छिंदवाड़ा लोकसभा जीतना हमारा लक्ष्य - कविता पाटीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई




चौरई 2024 के लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतकर मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं इस बार हर हाल में लोकसभा में कमल खिलाना ही हमारा लक्ष्य है I चौरई भाजपा विधानसभा प्रबंध समिति की बैठक मे सांसद एवं प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से बैठक कार बूथ स्तर पर समीक्षा कर और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त कर नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया भारतीय जनता पार्टी कार्यालय चौरई में राजसभा सांसद व मध्य प्रदेश महामंत्री माननीय कविता पाटीदार जी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया I बैठक मे भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू जी, जिला प्रभारी संतोष पारीक जी, लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर जी, शेषराव यादव जी,विधानसभा विस्तारक श्री अलकेश जी,जिला महामंत्री श्री टीकाराम चन्द्रवंशी जी,लोकसभा चुनाव की तैयारियों की चर्चा की I इससे राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां,योजनाओं को जनमानस तक पहुंचना हमारा अंतिम लक्ष्य है।इस अवसर पर चौरई भाजपा प्रभारी लखन कुमार वर्मा जी,ने चौरई विधानसभा की मचागोरा की नहरे से वंचित किसानों को जोड़ना साथ ही नागपुर शहडोल एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 11201 को चौरई में हाल्टिंग साथ ही अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित ग्राम सांख पुल बह जाने के कारण गांव का संपर्क चौरई से काफी दूर हो गया है जिसका पुनः निर्माण करने व विभिन्न समस्याओं को राज्यसभा सांसद( मध्य प्रदेश) महामंत्री कविता पाटीदार जी को अवगत कराया।

### नपा प्रशासन एफआईआर करने से क्यों डर रहा?, नगर पालिका प्रशासन नहीं जारी कर रहा नोटिस, अवैध प्लानिंग करने वालों के हौसले बुलंद

# विभिन्न वार्डों में अवैध प्लाटिंग का कारोबार लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



शहर में बेतरतीब तरीके से बसाहट हो रही है। नगरपालिका की अनुमति के बिना मकान, दुकानों का धड़ल्ले से निर्माण हो रहा है। खेतों में कालोनियां बनाई जा रही हैं। न तो कालोनी का लाइसेंस लिया जा रहा है न प्लाट का डाइवर्सन कराया जा रहा है। नगरपालिका प्रशासन न तो इन्हें नोटिस जारी कर रहा है न कार्रवाई का साहस जुटा पा रहा है। जबकि केन्द्र और प्रदेश सरकार नगरी निकाय को आत्मनिर्भर आर्थिक दृष्टि से संपन्न बनाने की ओर अग्रसर है।वहीं स्थानीय नपा प्रशासन इस दिशा में कोई सार्थक पहल करते दिखाई नहीं दे रहा है। नगर पालिका श्रेत्र के विभिन्न वार्डों में अवैध प्लाटिंग का कारोबार लगातार चल रहा है। जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। अवैध कॉलोनियों में सड़क पानी बिजली नाली की कोई व्यवस्था तक नहीं है। ऐसे प्लाट खरीदने के बाद लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।शहर की मुख्य सड़कों के दोनों तरफ अवैध तरीके से निर्माण कार्यों की बाढ़ सी आ गई। सड़क किनारे और व्यवसायिक क्षेत्र में पुराने मकानों की जगह अब दो चार मंजिला भवन बन गए लेकिन अधिकांश लोगों ने इन निर्माण के लिए अनुमति नहीं ली। अवैध तरीके से बने मकानों को बिजली कनेक्शन भी मिल रहा है तो वहीं इन बसाहटों में सड़क, पानी की व्यवस्था के लिए दबाव बनाया जा रहा है। बिना अनुमति हो रहे निर्माण से नगरपालिका को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा इसके बाद भी जिम्मेदार आंख मूंदे हुए हैं।शासन स्तर से अवैध कालोनी में निर्माण की अनुमति और निर्माणों पर रोक लगी हुई हैं। यहां पर बिजली और निर्माण की अनुमति भी नहीं दी जा सकती है। इसके बाद भी नगर में धड़ल्ले से अवैध कालोनियों के निर्माण चालू हैं।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए पुखराज (मुन्ना)चांडक का किया सत्कार

**सौंसर।** रविवार को विपश्यना समिति सौसर की ओर एक साधे समारोह का आयोजन करते हुए नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाय मंगल कार्यालय संचालक पुखराज (मुन्ना)चांडक का प्रशस्ति पत्र एवं शाल श्रीफल देकर स्वागत सत्कार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षों से पुखराज चांडक के द्वारा सौसर्वक्षेत्र में होने वाले सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन के लिए निस्वार्थ भाव से सहयोग करते आए है। बीते दिनों संपन्न हुए 10 दिवसीय विपश्यना साधना शिविर में भी श्री चांडक के द्वारा अभूतपूर्व सहयोग किया जिसके लिए समिति एवं जिले के सभी साधकों की ओर से स्वागत सत्कार किया गया है। इस दौरान वरिष्ठ साधक बाबारावजी चारे, महिंद्र सोमकुंवर, डॉ दीपक शेंडे, मुकेश बागडे शीलवंत बसोड़ आदि उपस्थित थे।



## जल संरक्षण महोत्सव के अंतर्गत ग्रामों में किया जा बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ



म प्र जन अभियान परिषद जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री कुलदीप सिह ठाकुर जी के निर्देशन मे एवं ब्लॉक समन्वयक श्री संजय बामने जी के कुशल नेतृत्व मे चयनित नवांकुर संस्था ग्राम विकाश प्रस्फूटन समिति नांदना सेक्टर क्रमांक -4 दमुआ के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति चरन भटा बिछुआ जो महादेव की नगरी से लगा हुआ गांव है जहाँ ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति ओर ग्राम मे ग्राम वासियो के सहयोग से पाठा नाला मे लग -भग 130 बोरी का जल संरक्षण हेतु बोरी बांधान का कार्य ग्राम वासियो के श्रम व सहयोग से किया गया जिसमे ग्राम वासियो को ब्लॉक समन्वयक श्री संजय बामने की उपस्थिति मे कार्य किया गया जिसमे उनके द्वारा जल संरक्षण के विषय मे बताया गया की जल के बिना पुरा जीवन अधूरा है जल हमारी प्राकृतिक धरोहर है हमे जल को व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए आदि तथा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री रामरतन बेलवंशी जी के द्वारा सभी ग्राम वासियो को जल संरक्षण हेतु संकल्प दिलाया गया इस बोरी बंधान से लगभग 5 से 8 एकड़ भूमि मे सिचाई होना है तथा पशुओ को पीने हेतु पानी पर्याप्त हो जायेगा इस कार्य सफल बनाने हेतु ग्राम विकाश प्रस्फूटन समिति के अध्यक्ष श्री होरीलाल जी भारती,अशोक यदुवंशी जी, उपसरपंच ,कमलेश यदुवंशी जी हरिपाल नर्रे जी,मनीष यदुवंशी जी , बाराती भारती जी ,दीपक भारती जी रमेश जी आदि ग्रामवासियो के सहयोग से संपन्न हुआ आगामी सभी प्रस्फूटन समितियों के सहयोग से सभी ग्रामो मे बोरी बांधान हेतु योजना बनाकर निरंतर बोरी बंधान कार्य किया जा रहा है।

### अरुण कलीवार म.प्र. मांझी मछुआ एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**दमुआ।** मध्य प्रदेश मांझी मछुआ नाविक श्रमिक संघ भोपाल का द्वितीय श्री वार्षिक प्रादेशिक अधिवेशन भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सामान्य श्री दिनेश कुमार शुक्ला जी के मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शन में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री राजपाल शर्मा जी जिला मंत्री सम्माननीय श्री पदमभर द्विवेदी जी की उपस्थिति में एवं मछुआ संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री एस एल बर्मन जी की अध्यक्षता में मंच संचालन मछुआ संघ के प्रदेश महामंत्री श्री पीएल केवट जी ने मंच संचालन किया और कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री विश्वकर्मा जी सदैव दत्तोपंत डेंगड़ी जी भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात भारतीय मजदूर संघ का गीत व मंचासीन समस्त अधिकारी पदाधिकारी का फूल मालाओं से मछुआ संघ के प्रतिनिधियों के द्वारा स्वागत किया गया मछुआरों की समस्या एवं निदान हेतु हम सबको एक होकर संगठित होकर अपने हक के लिए अपनी लड़ाई स्वयं लड़ना होगा हमारे पेट में दर्द है तो दवा भी हमको ही खानी पड़ेगी श्री शुक्ला जी ने कहा कि मछुआ समाज प्रदेश भर में खूब आगे बढ़े और मछुआरों की समस्याओं का निदान हो।

### स्काउट गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का शुभारंभ आज

**सौंसर।** जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा के आदेश पर द्वितीय सोपान स्काउट गाइड शिविर का आयोजन 8 जनवरी सोमवार से सौसर अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में किया जा रहा है।जो स्वामी विवेकानंद जी के जयंती तक आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण में सौंसर तथा पांढुर्णा विकास खंड की हाईस्कूल,हायर सेकेंडरी से चार स्काउट तथा चार गाइड को लाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रशिक्षण सम्बंधित जानकारी देते हुए डीओसी नरेन्द्र शर्मा,स्काउट गाइड ब्लॉक सचिव राजेंद्र सरवरे ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में अनुशासन,सेवाकार्य , प्राथमिक सहायता, पायनियरिंग, देशभक्ति,दक्षता पदक की जानकारी प्रदान कर नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। इसके सफल संचालन हेतु स्काउटर गाइडर को प्रशिक्षक मंडल के रूप में नियुक्त किया गया है।

## विधायक ने किये निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुंगनापार में विधायक विजय चौरे के द्वारा विधायक निधि से विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विधायक विजय चौरे की निधि से प्रदत्त रंगमंच पर विधिवत पूजन-अर्चन कर विशाल मूर्ति फड़ापेंन एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की गई। विधायक श्री चौरे के द्वारा पूजन-अर्चन कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की गई। इस दौरान विधायक श्री चौरे के द्वारा हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के द्वारा बड़े पैमाने पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सांसद नकुलनाथ एवं कांग्रेस पर विश्वास जताते हुए भारी मतों से जीत दिलाने पर आभार व्यक्त करते हुए हमेशा क्षेत्र वासियों की परेशानी की एवं सुख-दुख में खड़ा रहकर मद्दत करने की बात कही। इस दौरान सरपंच सूर्यभान कुमरे,मोहन पराडकर,शिवलाल आहके,रमेश उइके, दिवाकर कवडेती,गोकुल कुमरे,प्रमोद परतेती,रामदीन सलामे आदि उपस्थित थे।

# 15 जनवरी को मेगा इवेंट की तैयारी जारी : वन अधिकारी पत्र धारकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासन के निर्देशानुसार वन अधिकार के तहत प्राप्त पट्टा धारकों को भी किसान सम्मान निधि में शामिल किया जाएगा। इसके लिए 15 जनवरी निर्धारित की गई है। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत वनभूमि पर काबिज वन निवासियों के वन अधिकारों को मान्यता प्रदान कर वन अधिकार के दावे मान्य किये गये है। वन अधिकार अधिनियम के तहत अजजा के मान्य 271107 एवं अन्य परम्परागत वर्ग के 4003 कुल 275110 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र मान्य हुये है। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सारा पोर्टल पर 186131 वन अधिकार पत्र धारकों को पंजीकृत कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस प्रकार अभी भी 88979 को पात्रता अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जाना शेष है। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में मेगा इवेन्ट का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार मेगा इवेन्ट में वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत मान्य किये गये सभी वन अधिकार पत्र धारकों को पात्रता अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिया जाना है।

### मेगा इवेंट की तैयारियों के लिए अपर मुख्य सचिव ने कलेक्टर्स को जारी किए निर्देश

पीएम जनमन योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आईसी गतिविधियों के लिये जारी गाइडलाइन अनुसार पीएम जनमन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करना है। शत-प्रतिशत सर्वे कार्य पूर्ण कर जिले के सभी ग्राम एवं बसाहटों का चिन्हांकन, सूची तैयार कराना एवं पात्रता अनुसार विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करना। निर्धारित 14 हितग्राही मूलक गतिविधियों के पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत कवरेज करना। 15 जनवरी को आयोजित होने वाले मेगा इवेंट की तैयारियों के लिए जनजाति कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री एस एन मिश्रा ने संबंधित जिलों के कलेक्टर्स को लिखित में निर्देश जारी किए है। कार्यक्रम के लिए स्थल का चयन, हितग्राहियों का चिन्हांकन, लाइव टेलिकास्ट के कार्यक्रम स्थल का चिन्हांकन, समारोह पूर्वक हितलाभ वितरण, लाइव टेलिकास्ट के पूर्व हितग्राहियों के साथ सभा का आयोजन आदि तैयारियां करनी होगी। साथ ही 15 जनवरी को जिला शिवपुरी द्वारा टू वे कनेक्टिविटी के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा हितग्राही संवाद के लिए आवश्यक तैयारी करना होगी।

### युवा स्वयं जिम्मेदार आत्मनिर्भर बनें यहीं हमारा प्रयास : खोंगल

**लांजी।** महावीर इंटरनेशनल लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश एवं P1 एजुकेटर्स अकादमी कोचिंग सेंटर, पारडी रोड भानेगांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । श्री विशाल राऊत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर & चेयरमैन लांजी महावीर इंटरनेशनल रीजन -9 ( महाकौशल जोन, विदर्भ जोन, छत्तीसगढ राज्य ) ने बताया कि यह कार्यक्रम यूवा के उच्च शिक्षा मार्गदर्शन और चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान, साक्षात अनुभव शेयर ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र छात्रा , प्रतियोगी अभ्यर्थी सफलता के पथ पर अग्रसर हो,युवा पीढ़ी के मार्गदर्शन के लिए शिक्षा सेमिनार एव यूवा प्रतिभा चयनित अभ्यर्थियों का अनुभव कार्यक्रम आयोजित किया गया, यह कार्यक्रम दिनांक 07/01/2024 दिन रविवार को समय 12 बजे से प्रारम्भ हुआ यह कार्यक्रम P1 एजुकेटर्स एकेडमी कोचिंग सेंटर भानेगांव में प्रमोद नखाते और श्रीमति रीति नखाते के सहयोग से आयोजित किया गया ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा हमारा साथ, आपका विश्वास, चौमुखी विकास : राणा कल्याण सिंह

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



भारतीय जनता पार्टी जनपद पंचायत किरनापुर अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह एवं उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रंहांगडाले के मुख्य आतिथ्य में निरंतर सफल हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का विशेष आगाज आज विकासखंड की ग्राम पंचायत जमड़ी व मुरकुड़ा में संपन्न हुआ ।संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य सबका साथ ,सबका विकास, सबका विश्वास के साथ चौमुखी विकास और किरनापुर विधानसभा में निरंतर लगे हुए राणा कल्याण सिंह जो भाजपा की नीति और रीति से संपूर्ण योजनाओं का लाभ हितग्राही तक पहुंचा सके ।इस उद्देश्य को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज का क्रम ग्राम ग्राम और नगर नगर तक पहुंचाना है। भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी विभाग के पदाधिकारी ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वही बच्चों द्वारा नृत्य में हम भीमराव के बच्चे हैं, किरण के मया राजा, मां तुझे सलाम, मैं नाचू आज छम छम, कहते हैं हमको प्यार से इंडिया वाले,मैंने पायल है झन छनकाई, वही छत्तीसगढ़ी लोकगीत जिसमें बोल जाना जाना रे सुवा ,उड़ी जाना रे मेरी कहानी में जुबानी दामिनी बिसेन प्रगति बोरकर ,हिना पांचे , संचिता गेडाम,ज्योति गेडाम ने लाडली लक्ष्मी के बारे में बताई। इस कार्यक्रम में उपस्थित जनपद सदस्य श्रीमती सोना जैतलाल मानेश्वर ,सरपंच गुनी राम बोहरे ,बालचंदबाहे उप सरपंच, रतिराम कावरेपंच, विजय खोटेले , सचिव मारोति मिसारे ,रोजगार सहायक धनंजय नागवंशी ,एवं सभी विभाग के प्रमुख पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

### शनिवार को इन गावों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को बैहर जनपद के ग्राम लूद व दलदला, परसवाड़ा के ग्राम लीलामेटा व गुदमा, लांजी के ग्राम रमपुरा व कटंगी, कटंगी के ग्राम मानेगांव व पौनियॉ, बालाघाट के ग्राम भटेरा व खैरी, वारासिवनी के ग्राम देवगांव व मेहदुली, किरनापुर के ग्राम जामडी व मुरकुडा, खैरलांजी के ग्राम भजियादांड व दुधरा, बिरसा के ग्राम खुरसीपार व कनिया और लालबर्रा जनपद के ग्राम पनबिहरी व मानपुर पहुंची। यात्रा आज बैहर जनपद के ग्राम लाथरी व पाथरी, परसवाड़ा के ग्राम लगमा रै. व उकवा, लांजी के ग्राम साडरा व फोफसा, कटंगी के ग्राम धनकोषा व बोलडोंगरी, बालाघाट के ग्राम आवलाझरी व बघोली, वारासिवनी के ग्राम गर्रा व झाडगांव, किरनापुर के ग्राम पानगांव व कोकना, खैरलांजी के ग्राम डोंगरिया व भंडारबोडी, बिरसा के ग्राम झामूल व पंडरिया और लालबर्रा जनपद के ग्राम डोकरबंदी व मिरेगांव में भ्रमण करेगी।

### एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेशन का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**बालाघाट।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेसन का प्रशिक्षण होटल वैद्य रेसीडेंसी मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में डॉ प्रियवृत सोनकर जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2025 तक टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।

### सेना में 19 वर्ष सेवा देने के बाद सेवानिवृत होकर अपने घर को लौटे जिले के सूबेदार

**बालाघाट।** जनवरी 2024 को बालाघाट जिले के जराही किरनापुर के सूबेदार श्री तोमेश्वर रहांगडाले सेना में 19 वर्षो की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत होकर अपने गृह गांव जराही पहुँचे। उनके आगमन पर आज बालाघाट रेलवे स्टेशन में माता-पिता परिजन, रिश्तेदार ईस्ट मित्र सहित क्षेत्र के युवाओं ने उनका भव्य ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। अपने पुत्र को अपने बीच में पाकर माता-पिता भाव विभोर होकर उत्साहित थे। भारत माता की जय के नारों के साथ हर्ष दिखाई दिया गया। उसके पश्चात रेलवे स्टेशन से ढोल नगाड़ों के साथ हनुमान चौक पहुंचकर सहित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर शीश नमन कर ग्राम जरही की ओर प्रस्थान किए। जहां पर ग्राम पंचायत जराही की ओर से गांव की माटी के लाल सूबेदार श्री रहांगडाले का ग्रामवासियों के द्वारा सम्मान किया गया। श्री राहंगडाले जी द्वारा सेना में रहते हुए भारत की सीमा पर रक्षा में तकनीकी ज्ञान और बेजोड़ साहस के साथ गौरवशाली और उत्कृष्ट सेवा के बाद भारतीय सेना के सिग्नल कोर के जेई पद से सेवानिवृत्ति हुए है। उन्होंने बताया कि अभी युवाओं को सामाजिक कार्य, खेल एवं केरियर के प्रति जागरूक करेंगे। ग्राम विकास सहित क्षेत्र के लोगों को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। 19 साल का सफर देश के नाम रहा। सेना में रहते हुए उनके गुरुजन, वरिष्ठ अधिकारियों, सहित माता पिता, भैया, भाभी, परिवारजन,धर्मपत्नी वीरांगना ज्योति रहांगडाले, रिश्तेदार, ईस्ट मित्र सभी का पूरा सहयोग मिला। अभूतपूर्व स्वागत पाकर मैं बहुत ही गौरव महसूस कर रहा । उत्साह की लहर दौड़ रही है। गांव जराही की सहायक सचिव प्रीति गजभिये ने बताया कि गांव में उनका गौरवमयी रूप में स्वागत किया गया। जराही गांव में उनके अलावा अन्य युवा और युवतियाँ उच्चग पदों पर देश और प्रदेश की सेवा में लगे है। रही है। सेना में अपनी जाबाजी सेवा देने के बाद

### आंगनबाड़ी केंद्र रोशना में बच्चों को बाटे गये युनिफॉर्म

**बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत परियोजना बालाघाट (ग्रामीण ) में 1 जनवरी दिन सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत परियोजना बालाघाट ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में नूतन वर्ष एवं राजेश पाठक जी का जन्म दिवस आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों द्वारा सेलिब्रेट किया गया। तत्पश्चात विश्व शांति जनकल्याण संस्था के संरक्षक एवं मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष राजेश पाठक यूनिफॉर्म तथा अन्य दानदाताओं के द्वारा शिक्षण सामग्री एवं अन्य आवश्यकता की वस्तुए वितरण किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र की प्रभारी श्रीमती मंजू खोबरागड़े द्वारा बताया गया कि राजेश पाठक द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र रोशना को गोद लिया गया है। इसलिए प्रतिवर्ष अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को यूनिफॉर्म तथा शिक्षण सामग्री का वितरण किया जाता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से दानदाता के रूप में मुख्य अतिथि राजेश पाठक, अनिल गुरु नानी, मूलचंद राठौर, पूरन सिंह भाटिया, कदम स्टोर्स बालाघाट के संचालक, इंजीनियर किशोर, डॉ. गीता बारमाटे, शिवा सोनवानी, राकेश सोनवाने, केंद्र प्रभारी मंजू खोबरागड़े के साथ ही अन्य उपस्थित रहे। अंत में संस्था के संचालक सुरेंद्र कुमार खोब्रागड़े जी द्वारा आभार व्यक्त किया गया और स्वल्पाहार वितरण कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

### कबड्डी खिलाड़ी रम्मत कोकोटे करेंगे प्रदेश की जूनियर टीम का प्रतिनिधित्व

**बालाघाट।** आगामी 18 जनवरी से चेन्नई में खेलो इंडिया का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें कबड्डी खेल में जिले का कबड्डी खिलाड़ी रम्मत कोकोटे, प्रदेश की जूनियर कबड्डी टीम का प्रतिनिधत्व करेगा। बालाघाट के कबड्डी खिलाड़ी रम्मत कोकोटे के प्रदेश जूनियर कबड्डी टीम का खेलो इंडिया में प्रतिनिधित्व करने पर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने स्वागत किया और उसे भविष्य की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनायें दी। कबड्डी संघ सचिव रमेश दीक्षित ने बताया कि खेलो इंडिया का आयोजन आगामी 18 से 25 जनवरी तक चेन्नई में आयोजित है। जहां देश के समस्त राज्यों की टीमें विभिन्न खेल स्पर्धा में भाग लेगी। जिसमें प्रदेश की जूनियर कबड्डी टीम में जिले के उभरते खिलाड़ी रम्मत कोकोटे, प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। जो भोपाल में होने वाले 7 जनवरी से 15 जनवरी तक आयोजित कैंप में शामिल होने के लिए रवाना हो गए है। जिनकी इस उपलब्धि पर कबड्डी संघ सचिव रमेश दीक्षित, रामकिशोर राहंगडाले, खेमलाल वरकड़े, भीमराज ठाकरे, राजकुमार शांडिल्य, राधेश्याम भुरेकर, डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे, जसबीरसिंघ सौंधी, उमेश सपाटे, अमित शर्मा, राजेन्द्र शिवहरे ने बधाई प्रेषित की है।

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी

**बालाघाट।** जिला श्रम अधिकारी सुश्री दामिनी सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि श्रमिकों के आश्रित पुत्र व पुत्रियॉ जो कि कक्षा 6,7,8 व 9 में प्रवेश लेना चाहते है उनके आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी निर्धारित की गई है। आवेदन के लिये एमपी ऑनलाईन के पोर्टल पर लॉग-इन कर या कियोस्क के माध्यम से श्रमोदय पोर्टल की लिंक http://www.shramodayvidhalay.mp.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि श्रमिकों के पात्र कक्षा 10वी व 12वीं के छात्र छात्राओ के लिए लागू की गई योजना सुपर 5000 की मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। सूची श्रम विभाग के पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। पात्र छात्र छात्राये जो कि वर्तमान में आगामी कक्षा में अध्ययनरत है, वे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन स्कूल प्राचार्य के अनुशंसा सहित 31 मार्च 2024 तक जिला श्रम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

## गोवा के मुख्यमंत्री से मिले मॉयल के सीएमडी सक्सेना



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट-गोवा राज्य में मैंगनीज अयस्क और अन्य खनिजों की खोज और खनन के अवसरों की जांच के उद्देश्य से, श्री अजीत कुमार सक्सेना, सीएमडी एमओआईएल लिमिटेड ने गोवा के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. प्रमोद सावंत से उनके कार्यालय में मुलाकात की। श्री सक्सेना ने माननीय मुख्यमंत्री को एमओआईएल लिमिटेड के संचालन और गोवा राज्य में मैंगनीज अयस्क और अन्य खनिजों की खोज और खनन की संभावनाओं से अवगत कराया। एमओआईएल के सीएमडी के साथ एमओआईएल लिमिटेड के निदेशक (उत्पादन और योजना) श्री एम एम अब्दुल्ला और एमओआईएल लिमिटेड के एजीएम (खनन) श्री समीर आर महंतारे भी थे।

## खबर संक्षेप

### बरघाट मे लगातार हो रही चोरी की वारदातों से सहमे लोग

बरघाट - बरघाट में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से नगरवासी सहमे हुए हैं। शनिवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने बरघाट के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित सद्गुरु शिवालय की लोहे की चैन से बंधी दान पेटी को चोरों ने लोहे की चैन को काटकर दानपेटी और छोटे भगवान की मूर्ति को चुरा ले, वहीं बरघाट वार्ड क्रमांक 2 के बालाजी नगर में शिक्षक रविंद्र ठाकुर के घर का भी चोरी की गई जिसकी राशि की जानकारी नहीं मिल पाई है, वे अपनी बुजुर्ग मां का इलाज हेतु बाहर गया हुये थे। इसके पहले सद्गुरु शिवालय मंदिर के सामने स्थित हिमालय होम्स इलेक्ट्रॉनिक दुकान से चोरों ने लाखों की चोरी की थी जिसके आरोपियों को पुलिस अभी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। वही बाइक चोरी और साप्ताहिक बैठकी बाजार में मोबाइल फोन की चोरी आम बात हो गई है, इन घटनाओं के बाद लोग सहमे हुए हैं। कई किरायेदार व घर के लोग अपने घर को बंद कर शादी विवाह या अन्य कार्यक्रमों में घर को सूना छोड़कर में भी जाने से कतरा रहे हैं। साथ ही पुलिस की गश्त व कार्यशैली पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

# मवेशियों से भरे वाहन ने पुलिस कर्मी को मारी टक्कर, एक घायल, चालक गिरफ्तार

**मवेशियों को भरकर नागपुर जा रहे कंटेनर वाहन के चालक ने पुलिस को देख उन पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। वाहन को रोकने के लिए लगाए गए स्टापर पर वाहन चालक ने वाहन चढ़ा दिया। इससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। घटना के बाद कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चला गया। इसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। वहीं कंटेनर में सवार एक अन्य आरोपित फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कुरई थाना प्रभारी एलएस झारिया ने बताया है कि रविवार को सूचना मिली थी कि वाहन कंटेनर गोवंश का परिवहन करते हुए नागपुर तरफ जाने वाला है। इस सूचना पर स्टाफ के साथ उक्त वाहन को रोकने के लिए थाना के सामने राष्ट्रीय राज मार्ग 44 पर वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान वाहन चालक ने जान बूझकर वाहन को ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों की हत्या करने की नियत से उनके ऊपर कंटेनर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया।

इससे कर्मचारी बाल बाल बच गए। इसके बाद कंटेनर चालक नागपुर की ओर भागने लगा। इस घटना में स्टापर कर्मचारी आरक्षक अविनाश पांडे को कंधे व पसली में चोट लगी है। थाना प्रभारी ने बताया है कि घेराबंदी कर चालक को पकड़ लिया जबकि उसके साथ बैठा व्यक्ति भाग निकला।पूछताछ में चालक ने अपना नाम उत्तरप्रदेश के फतेहपुर निवासी रामभवन उर्फ उधम मोर्य (40) व उसके साथ बैठे व्यक्ति का नाम हैदराबाद निवासी रकीफ मुसलमान बताया। जांच करने पर वाहन में 37 जीवित बैल व 18 मृत बैल पाए गए। पशु क्रूरता अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

# श्रीमद भागवत कथा यज्ञ एवं सवा लाख शिवलिंग रुद्री निर्माण अभिषेक का आयोजन

**छपारा:- यूं तो नगर मै वर्ष भर कोई ना कोई धार्मिक आयोजन होते ही रहते हैं किंतु विगत दस पन्द्रह वर्षों से नए साल की शुरुआत भागवत कथा के आयोजन से हो रही हैं। सार्वजनिक रूप से बैनगंगा नदी तट के लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने मैदान में होने वाले इस भागवत कथा का आयोजन नगर के वंशकार समाज के द्वारा बड़ी ही शिद्दत से किया जाता हैं।**

ज्ञात हो कि इस वर्ष भी यह कथा बरसाना से पधारे कन्हैया महाराज के मुखार बिंद से 8जनवरी से लेकर मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी तक आयोजित होने ही। समिति के सदस्य मुकेश कुमार एवम श्याम बाबा द्वारा बताया गया है बैनगंगा तट के किनारे विगत कई वर्षों से सार्वजनिक संगीतमय भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी बरसाना से पधारे कन्हैया महाराज के सानिध्य में कथा कही जाना है वही सवा लाख रुद्री निर्माण शिवलिंग का अभिषेक साथ ही अंतिम दिवस हवन पूजन के साथ मां बैनगंगा मैं दीपदान किया जाएगा साथ सार्वजनिक रूप से भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

वही प्रतिदिन सुबह 8आठ बजे से रुद्री निर्माण अभिषेक पूजन एवम दोपहर 1बजे से 5बजे तक श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जाना है।

### लोकसभा चुनाव एवं भारत जोड़ो न्याय यात्रा/सोशल मीडिया के संबंध में तैयारी

केवलारी। आज कार्यालय मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी इंदिरा भवन भोपाल में आगामी लोकसभा चुनाव एवँ भारत जोड़ो न्याय यात्रा की व्यापक तैयारियों के सम्बंध में व सोशल मीडिया विभाग के संगठनात्मक उन्नयन हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी एवँ अखिल भारतीय राष्ट्रीय सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक श्री संदीप गुप्ता जी, मध्यप्रदेश काँग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेशाध्यक्ष श्री अभय तिवारी जी एवँ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अभिनव बैरोलिया जी द्वारा अतिआवश्यक प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक प्रदेश काँग्रेस अध्यक्ष श्री पटवारी जी को संबोधित किया गया। जिसमें सिवनी जिले की सोशल मीडिया विभाग के प्रतिनिधि मंडल के रूप में जिला काँग्रेस सोशल मीडिया विभाग सिवनी के अध्यक्ष श्री ऐश्वर्य सुमित मिश्रा सहित वरिष्ट काँग्रेस नेता श्री टिकेंद्र देशमुख जी, काँग्रेस सोशल मीडिया विभाग सिवनी के जिला सचिव भाई करण जैसवाल जी, लखनादौन समन्वयक भाई इंद्र कुमार सेन जी, केवलारी ब्लॉक अध्यक्ष भाई आनंद कौशल (चिंटू)जी, लखनादौन विधानसभा महासचिव भाई रिंकू सेन जी एवँ सचिव भाई प्रेम शंकर की उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रदेश भर से पधारे सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव: एकता क्रिकेट क्लब घंसौर ओर साइनिंग स्टार सिवनी के बीच शानदार मुकाबला

**केवलारी**-एकलव्य स्पोर्ट्स एकाडमी के तत्वाधान मे नगर मे होने बाले लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिबर्ष शासकीय हाईस्कूल खेल मैदान मे आयोजित किया जाता है। दिनांक 29 दिसंबर 2023 से चल रहे क्रिकेट महोत्सव आठवे बर्ष के 10 वें दिवस एकता क्रिकेट टीम घंसौर ओर साइनिंग स्टार सिवनी के बीच 20-20 मैच का आयोजन प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।सरस्वती पूजन, राष्ट्रीय ध्वज बंदन,राष्ट्र गान के साथ प्रारम्भ हुये मैच का साइनिंग स्टार टीम सिवनी ने टास जीतकर वेटिंग करते हुए 20 ओवर में 155 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाया, द्वितीय पारी मे एकता क्रिकेट टीम घंसौर ने 20 औवर में 132 रन बनाकर 23 रन से पीछे रह गयी।साइनिंग स्टार क्रिकेट टीम सिवनी ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर मंच मे आसीन नगर के गणमान्य नागरिको मे ब्रजराज दुबे,रमाशंकर महोबिया, सुभाष बघेल, मनीष जैन ,नसीम कुरैशी, रवि बघेल,सुरेंद्र जंघेला, मनीष अवस्थी, संस्कार तिवारी, बकील कुरैशी, राजेश



तिवारी, इमरत जंघेला, अनिल बघेल,जीत सिंह बघेल, सालक राम डेहरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिको ने मैच का आनंद लिया।एकलव्य स्पोर्ट्स एकाडमी के तत्वाधान मे आयोजित होने बाले लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता मे इस सत्र मे प्रथम पुरुस्कार एक लाख इकतीस हजार, द्वितीय पुरूस्कार 61 हजार रुपया ट्रॉफी सहित रखा गया है। क्रिकेट महोत्सव का फाइनल एवं समापन यदि मौसम ठीक ठाक रहा तो 13 जनवरी 2024 को हो जायेगा।नगर मे होने बाले अंतर्राज्यीय क्रिकेट मैच को देखने के लिये क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमीयो का अच्छा खासा जमाबाड़ा रहता हे।आकिब खान को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार प्रदान किया गया। कल का मैच नागपुर माइल और पुणे के बीच खेला जाएगा।

# जिला स्तरीय उमंग स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस प्रिंसिपल ट्रेनिंग सम्पन्न

**सिवनी।** आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग जिला सिवनी द्वारा 6 एवं 7 जनवरी को दो दिवसीय जिला सिवनी के 8 विकास खंड वाले ,सभी हाई एवं हायर स्कूल के प्राचार्य शामिल कराते हुए, उमंगस्कूल हेल्थ एवं वैलनेस ट्रेनिंग दी गई। यह ट्रेनिंग जीवन कौशल शिक्षा के 10 आयाम एवं अनुभव आत्मक सीख चक्र के केंद्रीय परिधि पर रही , **प्रशिक्षण देने वाले 9 ट्रेनर्स शामिल रहे** :- जिसमें मनीष जंघेला छपारा , अरविंद श्रीवास्तव सिवनी, सुनील तिवारी मुंगवानी,संतोष सूर्यवंशी बांकी, रश्मि नामदेव सादक सिवनी, वर्षा सेन पीपरडाही,पूनम सूर्यवंशी बम्होड़ी, रश्मि पांडे सिवनी, समशुनिन्सा खान सिवनी रहे। डॉ जयपाल सिंह ठाकुर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी के मार्गदर्शन तथा माननीय एस एस कुमरे जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी के आदेशानुसार , इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के साथ ही , कार्यालय जिला



शिक्षा अधिकारी सिवनी से एडीपीसी श्री विपनेश जैन एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले से डॉ शैलेष डेहरिया,अनुराग दुबे,आदेश मालवीय, रमन कुल्हाड़े की मानीटरिंग एवं शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर परामर्श मिलते रहे।ट्रेनर्स द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 9वीं 10वीं11वीं 12वीं के 4- 4 माड्यूल 34 प्राचार्य समूह के बीच वितरित हुये। प्रशिक्षण चक्र में किशोर एवं किशोरियों की समस्याओं और उनके समाधान का बेहतर प्रस्तुतिकरण शामिल रहा। यह प्रशिक्षण आशीर्वाद पैलेस गार्डन एंड रेस्टारेंट अनमोल रेसीडेंसी सिवनी में सम्पन्न हुआ। जीवन कौशल शिक्षा और स्वास्थ्य के अंतर्गत -:- मानसिक स्वास्थ्य में तनाव और भावनात्मक प्रबंधन, पोषण और प्रजनन ,लक्ष्य और कैरियर, किशोरावस्था और स्वजागरूकता, संवाद और सम्बंध, समालोचनात्मक और रचनात्मक चिंतन के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में क्रियान्वयन, अनुभव, विश्लेषण और निष्कर्ष पर पहुँचने के आयाम समझाये गये। क्रोध,नशा , हिंसा , साइबर क्राइम से बचकर, जीवन जीने की कला के साथ ही स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास पर बात रखी गई। शिक्षा और स्वास्थ्य में विकास को लेकर जेण्डर भेदभाव के वातावरण को परिवर्तन की ओर कैंसे ले जाना है,समझाया गया। उक्ताशय की जानकारी मास्टर ट्रेनर्स मनीष जंघेला छपारा सिवनी द्वारा दी गई है।

# धूप, बारिश, कोहरे को पार करते हुए वॉटर वुमन शिप्रा की पैदल यात्रा पहुँची सिवनी

**सिवनी।** अयोध्या से राम नाम का संकल्प लेकर निकलीं वाटर वूमेन शिप्रा पाठक की राम जानकी वन गमन पद यात्रा आज सिवनी पहुंची। दिन भर बारिश की बूंदों के बीच आज शनिवार को उनकी पद यात्रा चली। शनिवार को पड़ाव स्थल गणेशगंज से शिप्रा 45 किलो मीटर चलकर सिवनी पहुँची। वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने आज की पद यात्रा की दूरी घने कोहरे,तेज बारिश एवं ठंड के बीच तय की। यात्रा की जानकारी मिलने पर समाजसेवी एवं भाजपा नेता नरेन्द्र टांक को मिलने पर परमार्थ के लिये पदयात्रा कर रही शिप्रा पाठक एवं यात्रा में साथ चल रहे यात्रियों का आत्मीय स्वागत करते हुये पंडित जानकी बल्लभ मिश्रा की उपस्थिती में वैदिक मंत्रों के साथ उनकी अगवानी की एवं यात्रा के रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गयी। श्री टांक सहित बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने भगवान राम के प्रति अगाध श्रद्धा भाव एवं सामाजिक चेतना के लिये पद यात्रा



कर रही वाटर वूमेन शिप्रा का अभिनंदन एवं चरण वंदन किया गया। शिप्रा ने सिवनी पहुँचने पर छिंदवाड़ा चौक गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की इसके पश्चात उन्हें शोभायात्रा के साथ राजश्री पैलेस लेजाया गया जहां उन्होंने उपस्थित मातृशक्ति एवं सज्जनशक्ति से चर्चा की। राम वनगमन पथ पर पैदल यात्रा कर रही शिप्रा ने जब सुबह गनेशगंज से शनिवार को यात्रा प्रारंभ की तो कोहरा एवं बारिश ने का उन्हें सामना करना पड़ा और ऐसा लगा मानो आज भगवान राम उनकी परीक्षा ले रहे हो।राम जानकी की आस्था को अपना संकल्प मान कर शिप्रा सब चुनौतियों को पार करके सिवनी पहुँच गयी है। शिप्रा की सरयू से सागर नाम से जानी जा रही इस 4000 किमी की पदयात्रा को पूरे भारत में भक्ति,अध्यात्म और पर्यावरण की दृष्टि से देखा जा रहा है। जहां एक तरफ अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भी पद यात्रा का उत्साहित होकर जगह जगह राम भक्त स्वागत कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रकृति प्रेमी भी जल संरक्षण के लिए वाटर वूमेन के कार्यों से प्रभावित होकर पदयात्रा में भाग ले रहे हैं।शिप्रा अपनी पंच तत्व संस्था के माध्यम से भारत में जल,जंगल नदी संरक्षण के लिए कार्य के लिए जानी जाती है।अपनी इस कड़ी में शिप्रा मध्य प्रदेश की नर्मदा एवं शिप्रा नदी की पैदल यात्रा के अलावा उत्तर प्रदेश की आदि गंगा गोमती,सरयू,मंदाकिनी की पैदल यात्रा कर नदियों के किनारों पर समय समय पर पौधारोपण का कार्य कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करने का कार्य भी ईश्वरीय कार्य मानकर बड़ी श्रद्धा के साथ करती है। । शिप्रा पाठक की इस पद यात्रा का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को भगवान राम जानकी के पूजन से ज्यादा उनके कार्यों को आत्मसात करने के अलावा राम जानकी वन गमन पथ को रामायणकालीन हरा भरा करने का है। इसके लिए जगह जगह लोगों के सहयोग से राम जानकी वाटिका भी स्थापित कराएंगी।वाटर वूमेन शिप्रा ने रामभक्तों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि राम वन गमन पथ पर आज भी राम तत्व है जिसे उन्होंने स्वयं महसूस किया है उनकी इस यात्रा को भगवान राम का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त है जिसकी सहायता से ही इतना बड़ा संकल्प पूरा हो रहा है।शिप्रा के स्वागत में रामभक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया।जानकी माता के प्रति शिप्रा का भक्ति भाव देखते हुए सिवनी में प्रवेश करते ही सकड़ों महिलाओं ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया।पूछे जाने पर महिलाओं ने बताया सोशल मीडिया द्वारा उनके आने की सूचना प्राप्त होने पर दीदी से हम लोगों ने संपर्क किया तब कार्यक्रम पता चला।शिप्रा पाठक की पद यात्रा का अगला पड़ाव महाराष्ट्र की सीमा में प्रवेश कर रामटेक होगा।शिप्रा की ये पैदल यात्रा उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़,महाराष्ट्र कर्नाटक,केरल,आंध्र प्रदेश होकर रामेश्वरम तमिलनाडु के जंगलों से होते हुए निकल रही है।

तीर्थंकर युगल का जन्म तप का पावन दिवस

# जगत के प्राणी मात्र को मंगलकारी हो :आर्यिका चर्या श्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आठवें जैन तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभं स्वामी एवं तैईसवे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के जन्म तप कल्याणक के पावन अवसर पर गगनचुंबी बड़े जैन मंदिर,छोटे जैन मंदिर एवं गुरुकुल जैन मंदिर जी में भगवान पार्श्वनाथ स्वामी एवं भगवान चंद्रप्रभ स्वामी के प्राचीन मूल जिन बिंबो का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा कर अत्यंत भक्ति भाव से शतादिक श्रद्धालु जनों द्वारा पूजन अर्चन की गई। सर्वप्रथम रजत वेदिका में विराजित बड़े बाबा भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का अभिषेक प्रारंभ हुआ पूज्य आचार्य श्री विभवसागर महाराज की सुशिष्या आर्यिका चर्या श्री माताजी ने अनेक ऋद्धि सिद्धि प्रदायक बीज मंत्रों से संयुक्त शांति प्रदायक मंत्रो की शांतिधारा श्री जी के मस्तक पर श्रद्धालु जनों के द्वारा कराई गई। शांतिधारा का सौभाग्य श्री नीलेन्द्र जैन छपारा, श्री डैनी बाझल एवं श्री नीरज पंकज चौधरी परिवार को प्राप्त हुई।वही छोटे मंदिरजी में धवल वर्ण के विराजित भगवान चंद्रप्रभ स्वामी के अभिषेक शांतिधारा के पुण्यार्जक दीपक जैन पान वाले एवं मोनो बाझल परिवार रहे। छोटे मंदिर जी के प्रथम तल पर विराजित श्वेत खड्गासन विराजित भव्य पार्श्व प्रभु एवं चंद्रप्रभु के साथ गुरुकुल मंदिर जी में भगवान के अभिषेक पूजन में श्रद्धालु जनों का उत्साह सराहनीय रहा।

### प्राणी मात्र के कल्याण हेतु कल्याणक मंगलकारी

इस अवसर पर पूज्य आर्यिका श्री ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान चंद्रप्रभ एवं भगवान पार्श्वनाथ तीर्थंकर युगल का जन्म तप जगत के प्राणी मात्र को मंगल प्रद हो वैसे तो पौष मास मे आम धारणा के अनुसार कोई भी शुभ कार्य प्रारंभ करना मंगल नहीं माना जाता किंतु भगवान के कल्याणक किसी मास विशेष से नही अपितु उनके कल्याणक विशेष से मांगलिक हो जाया करते है। तीर्थंकरों के जन्म तप से ये पौष मास भी मंगलकारी हो जाता है। आज पर्व विशेष पर जैसा उत्साह नगर के प्रत्येक जिनालय मे श्रद्धालु जनों का दिख रहा है वैसा ही उत्साह एवं भक्ति अन्य तीर्थंकर भगवंतो के कल्याणक दिवस पर भी दिखना चाहिए।

पंच कल्याणक महोत्सव सभी तीर्थंकर भगवान के एक समान कल्याणकारी होते है अतएव हम सभी का कर्तव्य है अपने आराध्य परमात्मा की भक्ति में निरंतर संलग्न रहे।

इस अवसर पर सेठ प्रभात जैन,प्रभात वीडी जैन,संदीप बाझल,अमित जैन थानिसाव, मनीष जैन,प्रियांश जैन,शुभांक जैन, बिट्टू जैन, जेंटी कोशल,पारस जैन, डॉक्टर अपूर्व,मनोज बाझल, विपनेश जैन,प्रफुल्ल बंटी,अनंत ,पद्मेश,शालू चौधरी, अनी चौधरी आदि उपस्थित रहे।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अलोनिया गुरुद्वारा मे माथा टेका

# भाजपा मंडल लखनवाड़ा के ग्रामों का किया दौरा

**सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी गुरुद्वारा मे माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। आज प्रातः विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्राम अलोनिया स्थित गुरुद्वारा मे आयोजित कार्यक्रम पहुंचकर पवित्र गुरुग्रंथ साहिब के दर्शन कर माथा टेका तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लखनवाड़ा भाजपा मंडल के ग्राम लखनवाड़ा से दौरा प्रारंभ करते हुए ग्राम कारीरात,



करहैया, जमुनिया, बिनैकी, सुकरी, कोहका, पीपरडाही, फुलारा, मरझोर एवं ऐरपा आदि ग्रामों का दौरा के ग्रामीण जनों से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा ग्रामों मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी का आत्मीय स्वागत किया गया।

# कराटे में श्री विधा भूमि सिटी प्राईड बरघाट के बच्चों का उत्कष्ट प्रदर्शन

**बरघाट** - जिला कराते संघ सिवनी ट्रेडिशनल एवं स्पोर्ट्स शोतोकान कराते डू इंडिया द्वारा अग्रवाल धर्मशाला सिवनी में आयोजित स्टेट कराते चैंपियनशिप में श्रीविद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल बरघाट के छात्र-छात्राओं ने जबरदस्त प्रदर्शन कर उल्लेखनीय जीत हासिल की। श्रीविद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल बरघाट के प्राचार्य संदीप शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि शाला की कराते प्रशिक्षक कु. पायल चौधरी के मार्गदर्शन में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने चैंपियनशिप में भाग लिया। जिसमें कु. शनाया कमलेशिया 9 वर्ष ने काता में गोल्ड



मेडल, मोक्ष नायक 10 वर्ष ने कुमिते में गोल्ड, कु. अदिति गुप्ता 13 वर्ष ने कुमीते में गोल्ड मेडल जीता साथ ही आदि हरिंद्रवार 9 वर्ष ने कुमीते में सिल्वर, कु. भावी लांजेवर 8 वर्ष ने काता में सिल्वर, कुशाग्र जैन 11 वर्ष ने कुमीते में सिल्वर, अक्षत साहू 11 वर्ष में कुमीते में सिल्वर मेडल हासिल किया , साथ ही कु. तन्वी बिसेन 10 वर्ष ने काता में ब्रॉन्ज मेडल, विनय गुप्ता 10 वर्ष ने कुमीते में ब्रॉन्ज, कु. रोली जैन 11 वर्ष ने काता में ब्रॉन्ज, अगम अवधिया 9 वर्ष ने कुमीते में ब्रॉन्ज, देवराज बोपचे 9 वर्ष ने कुमीते में ब्रॉन्ज, कु. प्राची गुरदेकर 13 वर्ष ने काता में ब्रॉन्ज, कु. आरोही जैन 10 वर्ष ने काता में ब्रॉन्ज, कु. दीया ठाकुर 9 वर्ष ने काता में ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर शाला के साथ-साथ बरघाट नगर का नाम गौरांवित किया। उल्लेखनीय होगा कि उक्त छात्र-छात्राओं का दिनांक 20 एवं 21 जनवरी 2024 को वाशिम, महाराष्ट्र में आयोजित ओपन नेशनल कराते चैंपियनशिप में चयन कर लिया गया है। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर श्री विद्या भूमि सिटी प्राइड स्कूल बरघाट की प्रबंध समिति के सभी सदस्यों शाला के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही नगर के समस्त खेल प्रेमियों ने प्रशंसा करते हुए बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नॉट फॉर सेल की सिमेंट से बन रही हैं सीसी सड़क

# लघु वनों उपज मद की राशि में भारी भ्रष्टाचार

## कहां से आयी नॉट फॉर सेल सिमेंट, विभागीय अधिकारी नहीं दे रहें जवाब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






दक्षिण वनमंडल सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र कटंगी में लघु वनों उपज मद से तिरोड़ी रेस्टहाउस से मुख्य सड़क तक सीसी सड़क निर्माण लाखों की लागत से किया गया हैं। निर्माण कार्य के दौरान सड़क निर्माण में नॉट फार सेल जे.के. लक्ष्मी सिमेंट का उपयोग किया गया हैं। निर्माण कार्य के दौरान उपयोग होने वाले सिमेंट का कवरेज किया गया जिसमें उपरोक्त सिमेंट पायें गये नॉट फार सेल की सिमेंट विभागीय कार्य के लिए किया जाता हैं। अब प्रश्न उठता हैं बालाघाट निवासी सिमेंट विक्रेता ने उपरोक्त सिमेंट वन विभाग को कहां से उपलब्ध कराई हैं।

सूत्र बताते हैं कि वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी बाबूलाल चढ्ढार ने विक्रेता से उपरोक्त सिमेंट खरीदी हैं। जो मार्केट रेट से कम कीमत की हैं। कटंगी क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण के अलावा लघु वनों उपज मद से भवन निर्माण भी बन रहें हैं। करोड़ों के कार्य कटंगी क्षेत्र में चल रहें हैं। बड़े आश्चर्य की बात हैं वनमंडल अधिकारी श्रीमती मीरा मीश्रा के संरक्षण में उपरोक्त भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा हैं। इस संबंध में डीएफओ मैडम से बात की गई तो उन्होंने ठीक से जवाब नहीं दे पायें, उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं हैं। कटंगी क्षेत्र में चल रहें निर्माण कार्यों में वन परिक्षेत्र अधिकारी कटंगी जम से कमीशन खोरी को अंजाम दे रहें हैं।

## मनेरी धान खरीदी केंद्र का मामला : अन्नदाता किसान की 10 कट्टी धान गायब

# गजब! जब सोसायटी प्रभारी ही खुलेआम करने लगे धान की चोरी !

हरिभूमि न्यूज लांजी।



इसे क्या कहेंगे कि जिस प्रभारी पर सोसायटी की ही जिम्मेदारी हो, वहीं सोसायटी बंद होने के बाद रात के अंधेरे में धान की चोरी करवा रहा हो। जानकारी अनुसार मनेरी खरीदी केंद्र में लगातार अनियमितताओं का दौर जारी है, यहां आये दिन अपनी उपज बेचने आए किसानों के साथ खरीदी केंद्र प्रभारी विलास चौरे द्वारा बदसूलकी की जाती है और जिसे शिकायत करना है कर दो, कहकर रौब झाड़ा जा रहा है। ऐसा ही वाकया लांजी विकासखंड के सेवा सहकारी समिति मर्यादित मनेरी में देखने को मिला, जहां प्रभावित किसान ने पूरे प्रकरण की जानकारी मीडिया को दी। पीड़ित किसान थानेगांव निवासी विनोद पटले ने बताया की उनके द्वारा बीते शुक्रवार को अपनी उपज लेकर मनेरी केंद्र पहुंचे थे। जहां किसान द्वारा स्लॉट बुकिंग के अनुसार अपनी धान तौलने के लिये कहा गया जिसके बाद केंद्र प्रभारी विलास चौरे द्वारा किसान को 675 बारदाने उपलब्ध कराये गये। और किसान से अपनी धान नपवाने के लिये कहा। बारदाने मिलने के पश्चात किसान द्वारा अपनी धान बारदानों में भराकर तौल कराई जा रही थी जिसके बाद रात्रि में 10 बजे के आसपास केंद्र प्रभारी विलास चौरे द्वारा धान की तौल बंद करा दी गई और किसान और उसके परिजनों को खरीदी केंद्र से बाहर जाने के लिये कहा जिसके बाद किसान ने आग्रह किया की कुछ ही मात्रा की धान शेष रह गई है जो धान उनके द्वारा नापी गई है उसकी गिनती भी वे नहीं कर पाए है परंतु खरीदी प्रभारी ने उनकी एक न सुनी और उन्हें केदंूर से बाहर कर दिया।

**दूसरे दिन भी नहीं हुई धान की तौलः** वहीं केंद्र प्रभारी विलास चौरे द्वारा धान की तौल शनिवार की शाम को किसान से कहा गया परंतु शाम होने और शनिवार के दिन की बात कहते हुए धान तौलाने से मना कर दिया गया। वहीं रविवार को सुबह 10 बजे केंद्र प्रभारी विलास चौरे ने स्वयं किसान विनोद पटले को फोन किया और केंद्र पहुंचने के लिये कहा जिसके बाद किसान जब खरीदी केंद्र पहुंचा तो खरीदी प्रभारी विलास चौरे ने उन पर ही धान चोरी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें 10 कट्टी धान की कीमत चुकाने की बात कही। जिसके बाद किसान और खरीदी केंद्र प्रभारी के बीच विवाद बढ़ गया और बात मारपीट तक आ गई। केंद्र प्रभारी विलास चौरे से सवाल जवाब करने के लिये यहां अपनी उपज बेचने पहुंचे किसान भी दस मर्तबा सोचते है क्योंकि केंद्र प्रभारी की दंबगई पूरे क्षेत्र में जगजाहिर है।

### रात के 1 बजे तक की जा रही है धान की खरीदीः यादोराव पटले

ग्राम थानेगांव निवासी यादोराव पटले ने बताया की मनेरी धान खरीदी में अव्यवस्थाओं का आलम इस कदर बढ़ चुका है की खरीदी केंद्र प्रभारी अपनी मनमानी से आधी रात के 1 से 2 बजे तक किसान की गैर मौजूदगी में धान की तौल करा रहे है। जबकि धान खरीदी केंद्रों में रात 8 बजे के बाद धान की तौल करने का नियम शासन द्वारा तय नहीं किया गया है। वहीं एक किसान ने नाम न बात कहते हुए बताया की अगर विभागीय अमला मनेरी केंद्र प्रभारी के कारनामों की सही जांच करे तो उन्हें इस खरीदी केंद्र में जितनी धान आई है उसकी आधी सिर्फ धान खरीदी केंद्र प्रभारी विलास चौरे द्वारा गुप्त तरीके से सांठगांठ करके लाई गई है।



**थाने से भी बैरंग लौटे किसानः** अपनी धान चोरी की शिकायत लेकर बहेला थाना पहुंचे किसान को बहेला थाना से भी निराशा ही हाथ लगी। यहां किसान को यह कहकर लौटा दिया गया की धान चोरी का मामला हमारे कार्य क्षेत्र में नहीं आता है, आप को लोग सहकारिता विभाग के अधिकारियों को इसकी शिकायत करो। जिसके बाद किसान से सिर्फ एक आवेदन लेकर उन्हें थाने से भी रवाना कर दिया। थाने से वापस आने के बाद पीड़ित किसान से सीएम हेल्पलाईन में भी अपने साथ हुई घटना की शिकायत की है साथ ही एसडीएम लांजी को भी दूरभाष पर सूचना देने की बात कही जिस पर उनके द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है।



**दिलचस्प रहा है विलास चौरे का केंद्र प्रभारी बनने तक का सफरः** मनेरी धान खरीदी केंद्र प्रभारी विलास चौरे जो मूलतः बालाघाट जिले के वारासिवनी क्षेत्र से आते है। आज लांजी क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति मर्यादित मनेरी में धान खरीदी केंद्र प्रभारी बनकर लाखों क्विंटल धान की खरीदी कर रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार विलास चौरे जिनका ससुराल लांजी विकासखंड के ग्राम डोंगरगांव का है, इनकी धर्मपत्नी सांवरी सोसायटी में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ थी जिनके साथ के कारण ही यह धान खरीदी केंद्रों में पहुंचने लगे। यहां पहुंचने के बाद विलास चौरे द्वारा एक समय में केंद्रों में हमाली और बोरा सिलाई, और रात में जगवाली का कार्य भी किया गया। जिसके कुछ समय बाद मनेरी सोसायटी में कम्प्यूटर ऑपरेटर का पद रिक्त होने पर सांठगांठ करके यहां पदस्थ हो गये। और सोसायटी मैनेजर मानिकलाल नगपुरे और कॉपरेटिव बैंक के मैनेजर के साथ पिछले 10 वर्षों से करोड़ों रूपये के वारे न्यारे कर चुके है।

## थानों के परिसिमन पर जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

# ग्रामीण थाना का गायखुरी भाग कोतवाली में होगा शामिल, प्रशासन और पुलिस ने की बैठक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट पुलिस अनुविभाग के थानों के परिसिमन को लेकर 6 दिसंबर को प्रशासन और पुलिस ने बैठक बुलाई। इसमें परसवाड़ा विधायक मधु भगत, बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, नपा सभापति कमलेश पांचे, अन्य पार्षद, अपर कलेक्टर ओपी सनोडिया, एडीएसपी विजय डावर, सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा और अनुविभाग अंतर्गत थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे। थाना परिसिमन को लेकर जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार और सुझाव रखे। इसमें शासन के निर्देशानुसार, थानों के युक्तियुक्त करण को लेकर चर्चा की और सुझाव मांगे। विधायक मधु भगत ने ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम समनापुर की अधिकतम दूरी को देखते हुए उसे लामता थाना अंतर्गत चरेगांव चौकी में शामिल किए जाने का सुझाव रखा। इसके साथ ही उन्होंने चरेगांव को थाना बनाए जाने की बात कही। विधायक मधु भगत ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र आदविासी बाहुल्य और नक्सलाइट क्षेत्र होने से सुरक्षा के दृष्टि से नई पुलिस चौकियों को बनाया जाए, ताकि इसका लाभ जनता को अपराध से जुड़े मामले में मिल सके।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने नगरीय क्षेत्र के वार्ड 5, 30 और 31 को ग्रामीण क्षेत्र में सम्मिलित किए जाने पर आपत्ति लेते हुए कहा कि यह क्षेत्र नगरपालिका क्षेत्र में आते है। इसलिए इन्हें ग्रामीण थाना क्षेत्र में सम्मिलित करना उचित नहीं होगा। इसे यथावत कोतवाली में रखा जाए।

नगरपालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के वार्ड 33 गायखुरी में पुराना गायखुरी ग्रामीण थाना क्षेत्र और नया गायखुरी कोतवाली में आता था। इसे पूरा कोतवाली में ही शामिल करने को लेकर वह हमेशा मांग करते रहे है और आज की इस बैठक में पूरा गायखुरी क्षेत्र को कोतवाली में शामिल किए जाने का जो प्रस्ताव आया। वह काफी अच्छा है, इससे पूरा गायखुरी क्षेत्र में थाना को लेकर एकरूपता आ जाएगी।

भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार व्यवहारिक तौर से राजस्व और थाना सीमा को लेकर परिसिमन किया जा रहा है, जो काफी अच्छा है। गायखुरी क्षेत्र को कोतवाली के दायरे में लाए जाने का वह स्वागत करते है। वहीं पूरे नगरपालिका क्षेत्र को कोतवाली थाना क्षेत्र में रखे जाने का हमने सुझाव दिया है। हालांकि शहर में ज्यादा क्राइम नहीं है फिर भी सुरक्षा को लेकर पुराने पुलिस थाना क्षेत्र में एक चौकी बनाया जाना चाहिए और गर्रा को भी कोतवाली थाना क्षेत्र में लाना चाहिए।

### नामावली के प्रारूप प्रकाशन तक जिले में 1345367 मतदाता

**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा नामावली के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। अब इसके बाद बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम जोड़ने का कार्य 22 जनवरी तक करेंगे। इसके अलावा मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम छुटा है तथा जो आवश्यक संसोधन कराना चाहते है तो वो भी करवा सकेंगे। प्रारूप प्रकाशन की स्थिति में जिले में कुल 1345367 मतदाता है। बैहर विधानसभा में 231693, लांजी में 248564, परसवाड़ा में 225639,बालाघाट में 233121, वारासिवनी में 203867 और कटंगी विधानसभा में 202483 मतदाता है। कुल मतादाताओ में 666847 पुरुष और 678514 महिला मतदाता है। साथ ही 6 तृतीय जेंडर और 34992 18 से 19 वर्ष के मतदाता शामिल है। इस समय जिले का जेंडर रेशियो 1017.50 है।

## कल से शुरू हो जाएगा रीवा-ईतवारी ट्रेन का लामता स्टॉपेज, स्टॉपेज कार्यक्रम में सांसद रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लंबे समय से लामता में लंबी दूरी के ट्रेन के स्टॉपेज की डिमांड की जा रही थी। जिसको लेकर रेलवे सलाहकार समिति ने इसे मांगपत्र के रूप में सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन के समक्ष रखा था। जिस मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए सांसद डॉ. बिसेन ने इसको लेकर रेलवे मंत्रालय और बोर्ड को पत्र लिखा। जिसका परिणाम यह रहा कि रीवा से ईतवारी के बीच चलने वाली रीवा-इतवारी ट्रेन का स्टॉपेज लामता में दिए जाने का आदेश विगत दिनों रेलवे मंत्रालय के निर्देश पर रेलवे बोर्ड ने जारी किया था। जिसके बाद स्टॉपेज शुरू होने की तिथि का इंतजार लामतावासियों को था। जो अब पूरा हो गया है।

कल 9 जनवरी से लामता में रीवा-ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज शुरू हो जाएगा। जिस स्टॉपेज कार्यक्रम में सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन स्वयं उपस्थित रहेंगे और स्टॉपेज के बाद यहां से रीवा-ईतवारी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने बताया कि यह सुविधा लामतावासियों के लिए हर दृष्टिकोण से काफी फायदेमंद होगी और इसके साथ ही लामतावासियों को लंबी दूरी की एक ट्रेन की सुविधा भी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में रेलसुविधाओं को लेकर वह लगातार प्रयासरत है। जिसमें जल्द ही ईतवारी-नागपुर ट्रेन को व्हाया वारासिवनी-कटंगी-तिरोड़ी से प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी तिथि भी जल्द ही घोषित की जाएगी।

लामता में रात्रि 10.30 बजे स्टॉपेज कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिसमें क्षेत्रीय लोग और रेलवे विभाग एवं समिति सदस्य शामिल रहेंगे।

## जन-मन योजना में युद्धस्तर पर होने लगा शिविरों का आयोजन

# बैगा जनजाति की 260 बसाहटों में 7357 परिवारों को जन-मन योजना में समग्र विकास



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवम्बर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान का शुभांरभ किया था। इस महाअभियान के तहत देश के 18 राज्य की 75 विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अधोसंरचना विकास एवं सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने के लिए यह योजना 03 वर्ष तक क्रियान्वयन के लिए लागू की गई है। इस महाअभियान के अंतर्गत 09 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वयित की जाने वाली 11 गतिविधियों में बैगा बसाहटो में निवासरत बैगा जनजाति के नागरिको को सबको पक्का घर, हर घर बिजली, कौशल विकास, दूरदराज गांव-गांव तक सड़क, हर घर बिजली, दूरदराज गॉव तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज गॉव तक मोबाईल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है।

इस मिशन के तहत पीवीटीजी जिला बालाघाट के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र क्रमशः विकासखंड बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, बालाघाट, लांजी, किरनापुर, कटंगी, वारासिवनी एवं लालबर्रा की कुल 260 बसाहटो में निवासरत 7357 परिवारो की कुल जनसंख्या 31033 को युद्धस्तर पर आईईसी गतिविधियां एवं शिविर आयोजित कर लाभ प्रदाय किया जा रहा है। जनजाति कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में 88 बसाहटो में शिविर आयोजित किये जा चुके है। प्रत्येरक बसाहटो में आयोजित शिविरों में बैगा परिवारों के आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, वन धन विकास केन्द्र , बहुउददेश्यीय केन्द्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना का लाभ प्रदाय किया जा रहा है।

## 400 से अधिक पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा हुई पूरी

### 61 हजार से अधिक नागरिकों ने लिए स्वास्थ्य शिविरों का लाभ, 5959 ने सुनाई मेरी कहानी मेरी जुबानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर दिन कई आम नागरिक व विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 17 दिसम्बर से 4 जनपदों और 18 से फिर 6 जनपदों में यात्रा प्रारम्भ हुई थी। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने 2व दिन पूरे कर चुकी है। इन 2व दिनों में यात्रा शुक्रवार तक 200 पंचायतों में पहुँचकर। विकसित भारत संकल्प को पूरा करने में शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए योजनाओं के हितग्राहियों के आवेदन तथा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। यात्रा में अब तक 61062 नागरिकों ने स्वास्थ्य शिविरों का लाभ लेते हुए जांच कराई है। इसी तरह 26390 लोगों ने टीबी की जांच सुनिश्चित की है। वहीं 14956 का सिकलसेल जांच की गई है। यात्रा के निश्चित सेगमेंट मेरी कहानी मेरी जुबानी में अब तक 5959 हितग्राहियो ने भारत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने से उनके जीवन स्तर में आये बदलावों की दास्ताने सुनाई है।यह यात्रा 26 जनवरी को समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा नगरपालिका बालाघाट के शिविरों में निःशुल्क कानूनी सलाह सुविधा

**बालाघाट।** नगरपालिका बालाघाट में नगर के सभी वार्डो में आयोजित होने वाले शिविरों में पहुंचकर शासन की योजना का लाभ हितग्राही ले प्राप्त कर रहे है, अब जरूरतमंद नागरिक केन्द्रीय न्याय विभाग एवं राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत टेली-लॉ योजना के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह भी ले सकते है। जो मध्यप्रदेश के एक्पर्ट अधिवक्ताओं से मोबाईल अथवा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त की जा सकती है। सीएससी सर्च इंफोटेक द्वारा उक्त सेवा कार्य में निःशुल्क सहयोग प्रदान किया जा रहा है। निःशुल्क पंजीयन के बाद हितग्राही निःशुल्क सलाह के लिए अपनी सुविधानुसार निर्धारत दिन व समय का चयन कर सकता है।

# अयोध्या में विराजेंगे भगवान राम- बालाघाट में जलेंगे एक लाख 11 हजार 111 दीप, राष्ट्रीय विचार मंच करेगा आयोजन, जनता में रामकाज में शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



अयोध्या में भगवान राम मंदिर के 5 सौ वर्षो की तपस्या और संघर्ष के बाद 22 जनवरी को वह दिन आ रहा है, जब अयोध्या में भगवान श्रीराम भव्य राममंदिर में विराजेंगे। जिसे दिन को दीपावली के रूप में पूरा देश मनाएगा। बालाघाट में राष्ट्रीय विचार मंच ने तय किया है कि गैरराजनीतिक इस कार्यक्रम में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर को दीपों की रोशनी से जगमगाया जाए। जिसको लेकर तय कार्यक्रम अनुसार नगर के सर्किट हाउस मार्ग में हनुमान चौक तक सायंकाल, 6 बजे के बाद एक लाख 11 हजार 111 दीपों प्रज्जलवित किए जाएंगे और भगवान राम के अयोध्या मंदिर में विराजित होने का उत्सव मनाया जाएगा। यह बात प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय विचार मंच के संयोजक रमेश रंगलानी ने कही।

सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय विचार मंच संयोजिका श्रीमती लता एलकर, नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, अभय सेठिया, सनातन महासभा अध्यक्ष पं. महेश खजांची, भारती पारधी, डॉ. बी.एम. शरणागत, श्रीमती मीना चावड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, अभय कोचर, अमरसिंह ठाकुर, मोहन आचार्य, अशोक सागर मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

मंच संरक्षक रमेश रंगलानी ने बताया कि अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश सहित विश्व में उत्साह का माहौल है, विश्व के 87 देशो में इसका सीधा प्रसारण हो रहा है। अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बालाघाट में भी उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें 22 जनवरी को आंबेडकर चौक से हनुमान चौक तक एक साईड तय दीपों की रोशनी कर रामलला के मंदिर में विराजित होने का उत्सव, उत्साहपूर्वक मनाए। इसके साथ ही भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

राष्ट्रीय विचार मंच की संयोजिका श्रीमती लता एलकर ने बताया कि अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव जन-जन के साथ मनाया जाएगा। जिसमें समाज के हर वर्गो की इसमें सहभागिता होगी। हमारा प्रयास है कि एक ही समय में एक साथ निर्धारित दीपों की रोशनी हो, इसके लिए आवश्यक लोक ताकत के लिए हमने 08 जनवरी को सभी वर्गो की एक बैठक आहूत की है। जिसमें समाज के सभी वर्गो से हम, इसमें उनका सहयोग मांगेगे। हमारा प्रयास है कि इसमें विद्यार्थियों को शामिल किया जाए, ताकि उन्हें भी जीवन भर याद रहे कि जब भगवान रामलाल विराजे थे तो उन्होंने भी इस खुशी में दीप प्रज्लवलित कर इसका उत्साह मनाया था।

नपाध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि हमारे जीवन में यह क्षण आया है, जब हम भगवान राम को उनके मंदिर में विराजित होते देख पा रहे हैं, हम इसके साक्षी बनकर इस शुभकार्य में हो रहे दीपमाला के कार्यक्रम में सहभागी बने। नगरपालिका का हर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहर्ष सहयोग रहता है, हम सब सनातन प्रेमी अपने आराध्य भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होकर उत्सव में दीपो की रोशनी का पुण्य लाभ अर्जित करने ज्यादा से ज्यादा से संख्या में कार्यक्रम में हिस्सा ले। उन्होंने बताया कि आयोजन मार्ग के एक साईड में दीपों की रोशनी तो दूसरे साईड में दर्शक दीर्घा होगी। इस दौरान यातायात में जरूर असुविधा होगी लेकिन हम इस इतिहास में सहभागी बनकर रामकाज के काम में सहयोगी बनकर कार्य करे। अभिभावको से भी निवेदन है कि वह बच्चों को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे और भगवान राम के अयोध्या मंदिर में विराजने पर एक खुशी का दीप जलाए।